सार-समाचार

सोना व चांदी के जेवर पार

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती सालोड़ी गांव में जाटों- मालियों की ढाणियों में एक घर में रखे संदूक से अज्ञात चोर लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। 20 जुलाई को दंपत्ति ने चेक किया तो गहने सही सलामत थे, 25 को संदूक को ताला टूटा हुआ था और गहने गायब मिले। अज्ञात चोर ने सैंध लगाकर आभूषण चोरी कर लिए। घर की महिला की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। उसका उपचार चल रहा है। पति ने इस बारे में राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने बताया कि सालोड़ी गांव के जाटों- मालियों की ढाणियों में भागीरथ माली रहता है। उसकी पत्नी मानसिक रोगी है और उसका उपचार चल रहा है। 20 जुलाई को पति पत्नी ने घर में रखा संदूक चेक किया तो उसमें रखे गहने सही सलामत पाए थे। मगर 25 जुलाई को चेक किया तो पता लगा कि संदूक का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखे जेवरात कंठी, बोर, तिलड़ी, कानों के टोप्स, चेन, चांदी का कंदोरा, अंगुठियां, सोने की फीणी आदि नहीं मिले। अज्ञात चोरों द्वारा जेवरात चोरी कर लिए गए। वक्त घटना वह खेत पर गया हुआ था और उसकी मानसिक रोगी पत्नी घर पर ही रहती है। राजीव गांधी नगर पुलिस अब इसमें जांच कर रही है।

कई स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर में दुपहिया वाहन चोरी की घटनाएं नहीं रूक रही। अलग अलग स्थानों से बाइक और मोपेड चोरी के प्रकरण पुलिस में दर्ज हुए है। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि सर्वेश्वर महादेव मंदिर के पास सूंथला निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र सवाई सिंह शेखावत ने रिपोर्ट दी कि वह अशोक उद्यान आया था। जहां बाहर से अज्ञात शख्स उसकी मोपेड एक्टिवा चुरा ले गया। इसी तरह मोइलों का बास बनाड़ निवासी अली मोहम्मद पुत्र खाजू खां ने चौपासनी हाउसिंग पुलिस को बताया कि वह पाल गांव ठाकुरजी का मंदिर ठाउण्ड में आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। जबकि उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि ओसियां के बिरसालुकलां निवासी सुनील पुत्र भैराराम जाट रा बहादूर मार्केट एमजीएच रोड पर आया था। जहां मार्केट के बाहर से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया।

फरार 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जिले की ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी शेरगढ़ पुलिस ने की है ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि शेरगढ़ के एनडीपीएस एक्ट में फरार वांछित 15 हजार का इनामी अभियुक्त पृथ्वीराज पुत्र हेमाराम विश्नोई निवासी रावर कारपड़ा को दस्तयाब करने के साथ अब गिरफ्तार कर लिया गया है। वह काफी समय से फरार चला आ रहा था। आरोपी गिरफ्तारी के लिए एएसपी भोपाल सिंह लखावत, जयदेव सियाग (एसआईसीएडब्ल्यू) जोधपुर ग्रामीण के सुपरविजन में एवं उपाधीक्षक रतन सिंह के सुपरविजन में टीम का गठन किया था। टीम में जिला स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल चिमनाराम, कांस्टेबल चनणाराम, सेठाराम आदि भी शामिल रहे।

अवैध डोडा पोस्त व शराब बरामद

जोधपुर, (कासं)। जिला पश्चिम की लूणी पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त बरामद कर दो लोगों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर किया है। वहीं दो लोगों से पुलिस ने अवैध शराब बरामद की है। लूणी थानाधिरी हुकमसिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर फींच गांव में अवैध रूप से डोडा पोस्त रखने के आरोप में फींच निवासी जांवताराम विश्नोई और खुडाला के सोनाराम को पकड़ा गया। इनके पास से 6.2 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त किया गया। वहीं सदर बाजार थाने के एएसआई नेमीचंद ने भील बस्ती सोजती गेट के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे प्रदीप को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 24 बोतल बरामद की। जबकि बनाड़ थाने के एसआई राजूराम ने सांसियो की ढाणी गुजरावास खुर्द में अवैध रूप से शराब बेच रहे सन्नी पुत्र लच्छाराम सांसी को गिरफ्तार किया।

महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर संपन्न

जोधपुर, (कासं) । पुलिस आयुक्तालय के महिला शक्ति आत्मरक्षा केंद्र के तत्वावाधान में हनवंत आदर्श विद्या मंदिर लाल सागर में चल रहे सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया है। समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय समिति की उपाध्यक्ष मंजू सारस्वत, पूर्व छात्र परिषद के सोशल मीडिया प्रभारी रामचंद्र देवासी, सेवा प्रमुख भंवरदान, व्यवस्थापक सज्जन सिंह भाटी, रामूराम, श्रीपाल सिंह राजपुरोहित द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के महिला आत्मरक्षा केंद्र के ट्रेनर आरक्षक धर्माराम, दुर्गा व किरण का श्रीफल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। प्राचार्य बाबूलाल ने मंचासीन अतिथियों का परिचय करवाया गया।

त्रिस्तरीय जन सुनवाई निधारित

बालोतरा, (नि.सं.)। अगस्त माह में राज्य सरकार के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय जन सुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी ने बताया कि अगस्त माह के प्रथम गुरूवार 1 अगस्त को ग्राम पंचायत स्तर, द्वितीय गुरूवार 8 अगस्त को उपखंड एवं 16 अगस्त शुक्रवार को जिला स्तर पर जन सुनवाई शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि अगस्त माह के तीसरे गुरूवार 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस होने के कारण जिला स्तरीय जन सुनवाई 16 अगस्त को होगी। उन्होंने जनसुनवाई का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं परिवादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

युवक से देशी कट्टा मय मैग्जीन बरामद

जोधपुर, कासं)। शहर की प्रतापनगर पुलिस ने कायलाना स्थित फिल्टर हाउस के पास में एक युवक को संदेह के आधार पर पकड़ा। उसकी तलाशी लिए जाने पर उसके पास में एक देशी पिस्टलमय मैग्जीन बरामद हुई। इस पर उसे आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। थानाधिकारी के अनुसार रात्रि साढ़े नौ बजे के करीब गश्त के समय कायलाना झील से पहले फिल्टर हाउस के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके पास एक देशी पिस्टल मय मैग्जीन बरामद हुई। युवक गुढ़ा विश्नोईयान निवासी अर्जुन पुत्र घीसाराम लुहार को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया।

दुर्घटना में घायल युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के सरदारपुरा बी रोड पर एक पिज्जा सेंटर के सामने सड़क हादसे में घायल हुए युवक की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है और शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि रिडिया फांटा, सूरसागर निवासी साजिद खां पुत्र मोहम्मद इकबाल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 9 जुलाई की रात्रि के समय एक पिज्जा सेंटर के सामने बी रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हुए उसके भाई को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीस दिन तक जीवन मृत्यु से संघर्ष करते अब उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बृजराज शर्मा पहुंचे जोधपुर

जोधपुर, (कासं)। जम्मू और कश्मीर के मुख्य चुनाव आयुक्त बृजराज शर्मा ने सपरिवार ओसियां में श्री सच्चियाय माताजी मन्दिर के दर्शन किए। शर्मा मन्दिर की कलाकृति और पौराणिक पृष्टभूमि को देखकर अभिभूत हो गए। उन्होंने मंदिर इतिहास की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर ट्रस्टी पुजारी रामविलास शर्मा ने उनका स्वागत किया। वे जोधपुर पहुंचने के बाद ओसियां में सच्चियाय माताजी मंदिर दर्शनार्थ को गए।

करंट से महिला की मौत

जोधपुर, (कासं) । जिले के ओसियां उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम बिरसालू कला के जाणियों की ढाणी निवासी एक महिला की कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहनी देवी पत्नी चेतनराम जाणी सुबह खेत में काम कर रही थी तभी पास लगे विद्युत पोल की ताण के संपर्क में आ गई। बारिश के मौसम के चलते ताण में करंट दौड़ रहा था जिससे महिला कृषक की करंट लगने पर मौके पर हो मौत हो गई। सूचना पर खेड़ापा पुलिस मौके पर पंहुची तथा शव को कब्जे में लिया। बाद में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

जाट समाज का समान समारोह आज

जोधपुर, कासं) । बनाड़ रोड स्थित तेजल विकास संस्थान एवं वीर तेजाजी न्यू जाट समाज संस्थान के तत्वावधान में 28 जुलाई को जाट समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष रामदयाल डूडी ने बताया कि कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

जैसलमेर की एक गली में अधूरा रोड विवाद बन रहा

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर नगर परिषद के वार्ड संख्या 34 में एक गली का कार्य पिछले कई महीनों से अधूरा पड़ा है, वार्ड वासियों का कहना है कि गली में सीमेंट रोड(सी सी रोड) बनवाई जावे। कोलतार रोड (डामर रोड) नही बनाने देंगे। गली वासियों का कहना है कि रोड की खुदाई करवा कर सही लेवल से कार्य करवाया जावे। खुदाई नहीं करवाने पर बरसात की सीजन में पानी हमारे घरों में आएगा। गली वासियों का कहना सही है। वार्ड पार्षद सिकंदरअली का कहना है कि गली में डामर रोड का कार्य गली वासियों ने रुकवा दिया है, अब सी सी रोड नहीं बनेगी ना ही खुदाई करवा कर रोड बनवाई जाएगी। घरों में बरसाती पानी आएगा, ऐसा मुझे नही लगता।

वहीं वार्ड वासी गीता प्रजापत के नेतृत्व में पिछले दिनों जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी से मिले और अपनी व्यथा सुनाई। विधायक भाटी द्वारा आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह को दूरभाष पर गली में खुदाई करवा कर सी सी रोड बनवाने का निर्देश दिया गया।

तत्पश्चात वार्ड वासी आयुक्त कार्यालय मिलने गये उन्हे आयुक्त ने आश्वासन दिया कि गली की खुदाई करवा लेवल सही करवा कर सी सी रोड शीघ्र बनवाई जाएगी।

शनिवार को पार्षद द्वारा वार्ड की अधूरी रोड वाली गली से लगती गली में सी सी रोड का कार्य शुरू करवाया गया। तभी पूरे वार्ड वासी इकठे हो कर पहले पास वाली गली के अधूरे कार्य को पूरा करने का पार्षद से कहने लगे। घरों से बाहर आए वार्ड वासियों की बात पार्षद ने नहीं सुनी ओर ठेकेदार को कह कर पास लगती गली के सी सी रोड का कार्य शुरू करवा दिया।

इस दौरान वार्ड वासी रिटायर्ड कस्टम अधिकारी के पी गोस्वामी, रिटायर्ड पोस्ट मास्टर, जितेंद्र खत्री, दीपक शर्मा, गीता प्रजापत ने पार्षद से समझाइस की और पहले अधूरी रोड का सी सी वर्क करवाने की बात कही।

इस दौरान वार्ड वासियों ने आयुक्त से दूरभाष पर बात करके उनके द्वारा पिछले दिनों दिए गये आश्वासन की बात कही। तब आयुक्त द्वारा मौके पर कार्य कर रहे ठेकेदार को फोन पर बोला गया कि पहले अधूरे कार्य में खुदाई करवा कर सी सी रोड का कार्य शुरू करो इस दौरान पार्षद के प्रभाव में आकर ठेकेदार कहने लगा कि मैं तो जैसा पार्षद कहेगा, वैसा ही करूंगा।

मौके पर उपस्थित वार्ड के जेईएन के मूकदर्शक बने रहने पर वार्डवासियों को गुस्सा आया और ठेकेदार को नया कार्य नहीं करने दिया। जिस पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा पार्षद के साथ में मौके पर पुलिस जाब्बता भेज कर नये काम करने का विरोध करने वाले वार्ड वासियों को हटाकर कार्य को शुरू करवाना चाहा गया।

वार्डवासी लगभग 50 महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को अपनी परेशानी बताई और कहा कि ऐसी स्थिति में पार्षद अपनी जिद्द से अगर नया कार्य शुरू करवाएगा तो सभी महिलाएं रोलर के आगे सड़क पर सोकर विरोध करेगी।

मामला आखिर उच्च अधिकारियों तक पहुंचा, उन्होंने पुलिस जाब्ते को वापिस बुला लिया और नया कार्य रुकवा दिया।

इस दौरान वार्डवासी कह रहे थे कि पार्षद सिकंदरअली कांग्रेस के सिंबल से पार्षद बना है। पिछले दिनों नगर परिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला द्वारा पार्टी बदल कर भाजपा में शामिल होने के बाद पार्षद भी भाजपा में शामिल हो गया। अब वार्ड वासियों को आये दिन धमकियां देता है कि मैं जैसा चाहूंगा वैसा करूंगा। अधूरी रोड को सी सी रोड कोई हालत में नही ंबनने दूंगा।

वार्डवासी गीतादेवी प्रजापत का कहना है कि पार्षद सिकंदर अली वार्ड वासियों को आपस में लड़वाना चाहता है, परन्तु हम सब वार्ड वासी पार्षद की मनमानी नहीं चलने देंगे। अधूरे कार्य में गली की खुदाई करवा कर सही लेवल करके सी सी रोड बनवा कर रहेंगे।

वार्ड संख्या 34 के पार्षद सिकंदर अली का कहना है कि अधूरी रोड बनाने को लेकर मेरे द्वारा मना नहीं किया गया है। अभी तो जो कार्य शनिवार को शुरू करवाया है, पहले वहीं होगा, अधूरा कार्य नहीं।

जैसलमेर नगर परिषद के वार्ड संख्या 34 की एक गली में अधूरा पड़ा रोड कार्य लोगों व पार्षद के मध्य टकराव को बढ़ा गया। फोटो-राष्ट्रदूत

विधि सेमिनार का आयोजन 10 अगस्त को

■ बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की विभिन्न शाखाओं की बैठक आयोजित

जोधपुर, (कासं)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को भुवनेश शर्मा, चेयरमैन की अध्यक्षता में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में संपन्न हुई।

समिति ने अधिवक्ताओं से प्राप्त नाम परिवर्तन के लिए आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श कर उनका उचित निस्तारण किया गया। समिति ने बार कौंसिल ऑफ राजस्थान द्धारा राजस्थान उच्च न्यायालय के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विधि सेमिनार का आयोजन 10 अगस्त को जोधपुर में किये जाने के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया। उपरोक्त विधि सेमिनार में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड मुख्य अथिति के रूप में शिरकत करेंगे। एक दिवसीय विधि सेमिनार में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व सदस्यों का सम्मान किये जाने का भी निर्णय लिया गया। सेमिनार में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित पूर्व न्यायाधीशगण, बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं सदस्गण, वरिष्ठ अधिवक्तागण, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व सदस्गणगण, राज्य में स्थित समस्त बार संघों के अध्यक्ष/सचिव या उनके प्रतिनिधि इत्यादि कई अतिथि इस समारोह में भाग लेंगे। बैठक में जगमाल सिंह चौधरी, राजेश पंवार, नवरंग सिंह चौधरी एवं घनश्याम सिंह राठौड सदस्यगण उपस्थित थे एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों में सुरेश चन्द्र श्रीमाली, को-चेयरमेन, बार कौंसिल ऑफ इण्डिया, सैयद शाहिद हसन, कुलदीप कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा एवं राम प्रसाद सिंगारिया भी उपस्थित थे।

बार कौंसिल ऑफ इण्डिया एडवोकेटस वेलफेयर फण्ड कमेटी फॉर द स्टेट ऑफ राजस्थान समिति की बैठक चेयरमेन सुरेश चन्द्र श्रीमाली की अध्यक्षता में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के-कार्यालय में सम्पन्न हुई, इसमें जगमाल सिंह चौधरी, कुलदीप कुमार शर्मा ने भी भाग लिया। बैठक में 24 अधिवक्ताओं के मृत्यु दावों का निस्तारण कर उनके आश्रितों को आठ लाख चालिस हजार रूपए (8,40,000/-) एवं बीमारी दावों में 28 अधिवक्ताओं को चार लाख छियालिस हजार रूपए (4,46,000/-) के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार समिति ने कुल 52 दावों का निस्तारण कर कुल बारह लाख छियासी हजार रूपए (12,86,000/-) स्वीकृत किए गए।

बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की पंजीयन समिति की बैठक कुलदीप कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में संपन्न हुई एवं पंजीयन समिति ने करीब 500 नए अधिवक्ताओं का पंजीयन किया गया। पंजीयन समिति के सदस्य डॉ. महेश शर्मा एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य जगमाल सिंह चौधरी, राजेश पंवार एवं घनश्याम सिंह राठौड भी बैठक में उपस्थित थे।

भारतीय विधिज्ञ परिषद् ने सर्टिफिकेट एंड प्लेस ऑफ प्रैक्टिस (सत्यापन) नियम, 2015 की प्रशासनिक समिति- 1 की बैठक भी बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में सैयद शाहिद हसन की संयोजकता में संपन्न हुई। समिति ने करीब 266 अधिवक्ताओं का नवीनीकरण किया गया। नवीनीकरण समिति के सदस्य सुशील कुमार शर्मा एवं कपिल प्रकाश माथुर उपस्थित थे।

महंत भीमगिरी महाराज ने श्रद्धालुओं के लिए सड़क मांगी

बालोतरा के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने हल्देश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए। फोटो-राष्ट्रदूत

बालोतरा, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने जिला कलेक्टर बालोतरा के निर्देश पर बजट घोषणा के तहत स्वीकृत हुए हल्देश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण यि तथा रुद्राभिषेक करके स्वयं के साथ आमजन के विकास की कामना की।

पंचायत समिति सिवाना के विकास अधिकारी दिनेश सिंह भाटी ने बताया कि आम नागरिकों की आस्था का केंद्र तथा रमणीक स्थान हल्देश्वर महादेव मंदिर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने पहुंच कर राज्य सरकार की बजट घोषणा से संबंधित व्यवस्थाओं एवं संभावनाओं का जायजा लिया। जंगल के पशु पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था पर्याप्त हो तथा जंगल हरा भरा रहे। इसके लिए छोटे-छोटे एनीकट का निर्माण करवाया जाए तथा चेक डैम को बनाकर बहता पानी को धीमी गति प्रदान की जाए। अत: पानी का ठहराव जल जंगल जमीन के लिए उपयुक्त रहता है।

साथ ही एक श्रेष्ठ और विशाल सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाए एवं सौर ऊर्जा उत्पन्न करने वाले उपकरण को स्थापित किया जाए। इसके लिए निर्देश प्रदान किया मंदिर के महंत भीमगिरी जी महाराज के द्वारा मुख्य रूप से भक्तों के आने-जाने हेतु सडक निर्माण की मांग रखी गई। आवागमन की सुविधा आसान होगी तो सभी सुविधाएं धीरे-धीरे स्वत ही विकसित हो जाएगी। इसलिए सबसे पहले रास्ते का निर्माण करवाया जाए।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने जिला कलेक्टर बालोतरा को निवेदन करने हेतु सहमति प्रदान की, ताकि राज्य सरकार की योजना के अनुसार निश्चित समय में तकमिना बनाकर कार्य को निश्चित समय में पूर्ण करवाया जा सके।

इस अवसर पर विकास अधिकारी दिनेश सिंह भाटी, प्रधान मुकन सिंह राजपुरोहित एवं क्षेत्र के मौजिज व्यक्ति एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

विहिप की दो दिन की बैठक शुरू

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की दो दिवसीय बैठक की शनिवार सुबह 9:30 बजे माहेश्वरी भवन रातानाडा में शुरू हुई।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, संगठन महामंत्री मिलंद परांडे महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह सर कार्यवाह भैयाजी जोशी, रामजन्म भूमि ट्रस्ट महासचिव चंपत राय भी हिस्सा ले रहे हैं।

दो दिवसीय केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक की शुरुआत शनिवार को महेश्वरी भवन में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री बजरंग लाल ने दो दिन के कार्यक्रमों के बारे में बताया। गौ रक्षा को लेकर बोलते हुए कहा कि गाय की रक्षा गौशाला में नहीं हो सकती, बल्कि गाय की रक्षा किसान, गृहस्थ के खूंटे पर ही होगी।

गाय की सेवा ठीक उसी प्रकार से करें जिस प्रकार से हम अपने बूढे माता-पिता की सेवा करते हैं। दूध के लालच में गाय की सेवा नहीं करें।

मंदिर को लेकर बोलते हुए कहा कि प्राचीन समय में मंदिर पूजा पाठ के ही स्थान नहीं थे। ये हमारी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक चेतना के केंद्र थे।

पिछले एक हजार वर्षों से विधर्मियों ने हमारे मंदिरों को सिर्फ विध्वंस ही नहीं किया, उन्होंने हमारे चरित्र का हमारे आध्यात्मिक मूल्यों का, विकास का, परम्पराओं का, समाज की आत्मा विध्वंस किया।

इसलिए मंदिरों का आध्यात्मिक वैभव वापस प्राप्त हो इसके लिए इस पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में धर्मांतरण तेजी से बढ़ रहा है, इसे रोकना होगा। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय प्रबंध समिति के बैठक में आए अलग-अलग प्रांत के पदाधिकारी को जानकारी दी कहा कि यदि ढाई हजार लोगों की घर वापसी विश्व हिंदू परिषद करवाता है वहीं दूसरी तरफ इससे भी अधिक गुना में हिंदुओं को दूसरे धर्म में कन्वर्ट किया जा रहा है। इसे हमें तेजी से रोकना होगा। इसके अलावा जनसंख्या नियंत्रण, गौ रक्षा, हिंदू सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करने सहित कई विषयों पर जानकारी साझा की।

बच्चों को नशे के नुकसान की जानकारी दी

जालोर, (कासं)। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर एवं ग्रामीण उत्थान मानव संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामदेव कॉलोनी जालोर में बच्चों को नशे से दूर रहने व उसके होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी।

बच्चों को पैंपलेट वितरण कर अपने परिवार में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने का आव्हान किया गया तथा नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी गई तथा बच्चों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, नशा मुक्ति केंद्र के परियोजना समन्वय हीरालाल, काउंसलर रावत राम सहित अन्य उपस्थित रहे।

सैनी ने निरीक्षण किया

बालोतरा, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी के द्वारा शनिवार को अपने भ्रमण के दौरान पचपदरा, निवाई, थोब, सिमरखियां, मंडली स्थित विद्यालय, पीएचसी, सीएचसी, ई मित्र, आयुर्वेद औषधालय, पशु चिकित्सा केंद्र एवं उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी ने पचपदरा, निवाई, सिमरखियां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक रूप से निरीक्षण कर बच्चों से पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण सहित मध्यान भोजन की जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों को मिलने वाले मध्यान भोजन के गुणवत्ता आदि की जानकारी लेने के साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी लेने के पश्चात संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों कों निर्देश दिए कि बच्चो को दिए जाने वाले मध्यान भोजन पौष्टिक एवं गुणवत्ता पूर्ण रहे। शिक्षक विद्यालयों में समय पर उपस्थित रह कर शिक्षण कार्य कराये। विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

डाइंग कैडर घोषित करने से नाराज चिकित्सक शिक्षकों की पाली में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। फोटो-राष्ट्रदूत

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया

बालोतरा, (निसं)। पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने शनिवार को जेरला स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

प्रप्ता जनकरी के अनुशार पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने शनिवार को जेरला स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली को जाना एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जिले की महती आवश्यकता है, जो अपशिष्ट जल को प्रभावी ढंग से साफ और शुद्ध करके हमारे पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण हैं।

प्रदूषण को रोकने के लिए, भूमि एवं जल निकायों में निपटान से पहले अपशिष्ट जल को प्रभावी ढंग से उपचारित करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि पानी को प्राकृतिक स्त्रोतों में वापस छोड़ने से पहले हानिकारक प्रदूषकों को हटा दिया जाए, जिससे प्रदूषण को रोका जा सके और पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बना रहे।

इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया।

इस दौरान उपखंड अधिकारी राजेश कुमार, नगर परिषद सभापति सुमित्रा जैन, नगर परिषद के सहायक अभियंता अखाराम समेत अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत भेडाना पंचायत समिति गुडामालानी (बाडमेर)

क्रमांक: ग्राप/निविदा/2024/09 दिनांक: 22.07.2024

निविदा सूचना संख्या- 02,03/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से ग्राम पंचायत भेडाना के कार्य सी सी इन्टरलोकिग रोड निमार्ण कार्य भीलो का वास से हरिजनो की बस्ती GP भेडाना एवं टीन शेड मय मंच निमार्ण कार्य प्राग मठ भेडाना हेतु मय दो वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) हेतु सा. नि.वि. मे उपयुक्त श्रेणी (न्यूनतम डी श्रेणी) में पजीकृत एवं संवेदक कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग डाक एवमं दूर संचार रेल्वे या अन्य राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो कि राजस्थान सरकार के डी एव उच्च श्रेणी (" सी" बी" ए" एव" एए) के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित परिपत्र मे आनलाईन निविदाए आमत्रित की जाती है । निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eprocrajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. - PKW2425WSOB00034
UBN No. - PKW2425WSOB00035

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भेडाना पं. स. गुडामालानी

सरपंच ग्राम पंचायत भेडाना पं. स. गुडामालानी

OFFICE OF GRAM PANCHAYAT MODHA PANCHAYAT SAMITI FATEHGARH

S.No./GPM/2024-25/36 DATE: 26.07.2024

TENDER NIT 02/2024-25

Under MGNREGA & RDPR Scheme in the FY 2024-25 in Gram Panchayat Modha, E-Tender are invited from the willing manufacturers and suppliers, for the supply of construction material for the construction work to be carried out. Further detail regarding the tender can be checked on the web portal https://sppp.rajasthan.gov.in, & https://eproc.rajasthan.gov.in.

NIB CODE - PFT2425A0051, BID/UBN- PFT2425GLOB00064

Sarpanch, Gram Panchayat Modha , Panchayat Samiti Fatehgarh

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT MODHA, PANCHAYAT SAMITI, FATEHGARH

Sr.No./GPM/2024-25/36/ Date-26.07.2024

TENDER NIT 02/2024-25

Under MGNREGA & RDPR Scheme in the FY 2024-25 in Gram Panchayat modha E- Tendet are invited from the willing manufactures and suppliers for the supply of construction material for the construction work to be carried out further detail regarding the tender can be checked on the web portal https://sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in .

UBN : PFT2425A0051
BID/UBN : PFT2425GLOB00064

Sarpanch
Gram panchayat , Modha
Panchayat Samiti Fatehgarh